| |
|---|
| दिनांक 28.03.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 31/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद भदोही/थाना चौरी</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 27/28.03.2024 को थाना चौरी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बभनौटी मार्ग पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त अजय उर्फ अरविन्द घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना चौरी पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद भदोही, जौनपुर, कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना चौरी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—अजय उर्फ अरविन्द निवासी बैजपुर, बिठौली थाना हण्डिया, प्रयागराज।

**<u>बरामदगी</u>**

1—01 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद प्रतापगढ़/थाना पट्टी**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 28.03.2024 को थाना पट्टी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बीबीपुर नहर पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त स्वप्नदीप उर्फ कल्लू डॉन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना पट्टी पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना पट्टी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—स्वप्नदीप उर्फ कल्लू डॉन निवासी अन्देवरी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना लोनी बॉर्डर**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 28.03.2024 को थाना लोनी बॉर्डर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चौकी लालबाग क्षेत्र में मोटर साइकिल सवार बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—दीन

मोहम्मद उर्फ दिला घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—फुरकान सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—दीन मोहम्मद उर्फ दिला निवासी मदीना गार्डन थाना लोनी, गाजियाबाद मूलनिवासी—ग्राम किरठल थाना रमाला जनपद बागपत।

2—फुरकान निवासी मदीना गार्डन थाना लोनी, गाजियाबाद मूलनिवासी—ग्राम किरठल थाना रमाला जनपद बागपत।

**बरामदगी**

1—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद रामपुर/थाना गंज

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 05 कैण्टर, 01 क्रेटा कार बरामद**

दिनांक 28.03.2024 को थाना गंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रजा डिग्री कालेज मण्डी के पास से 02 अभियुक्तों 1—मोहम्मद सदाब 2—इब्ने हसन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 कैण्टर, 01 क्रेटा कार बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना गंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मोहम्मद सदाब निवासी कस्बा व थाना स्वार जनपद रामपुर।

2—इब्ने हसन निवासी ग्राम छितरिया जागीर थाना टाण्डा जनपद रामपुर।

**बरामदगी**

1—चोरी की 05 कैण्टर, 01 क्रेटा कार।

**कमिश्नरेट वाराणसी/थाना रामनगर**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 09 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 27.03.2024 को थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ढुण्ढ़राज पुलिया के पास से 04 अभियुक्तों 1—आजाद 2—नितेश कुमार 3—नूरे आलम उर्फ समीर 4—धर्मेन्द्र को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 09 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना रामनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आजाद निवासी हासापुर थाना अदलहाट जनपद मिर्जापुर।

2—नितेश कुमार निवासी शिवपुर थाना अदलहाट जनपद मिर्जापुर।

3—नूरे आलम उर्फ समीर निवासी गरौडी थाना अदलहाट जनपद मिर्जापुर।

4—धर्मेन्द्र निवासी लोहरा गुलरहवा बस्ती थाना रॉबर्टसगंज जनपद सोनभद्र।

**बरामदगी**

1—चोरी की 09 मोटर साइकिल।

## ए0एन0टी0एफ0 आपरेशनल यूनिट लखनऊ

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 04 करोड 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 08 कुन्तल 79 किलो 35 ग्राम अवैध गांजा**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 28.03.2024 को ए0एन0टी0एफ0 आपरेशनल यूनिट लखनऊ द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम चौबेपुर ट्यूबवेल के पास से अभियुक्त दिनेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 04 करोड 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 08 कुन्तल 79 किलो 35 ग्राम अवैध गांजा, 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना ऊँचाहार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दिनेश निवासी चौबेपुर थाना ऊँचाहार जनपद रायबरेली।

**बरामदगी**

1–लगभग 04 करोड 40 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 08 कुन्तल 79 किलो 35 ग्राम अवैध गांजा।

2–01 मोबाइल फोन।

3–01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद सोनभद्र/थाना हाथीनाला

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 17 लाख रूपये कीमत के 170 ग्राम अवैध हेरोइन**
- **हेरोइन बिक्री के 55 हजार रूपये नगद**
- **03 मोबाइल फोन**
- **01 स्वीफ्ट डिजायर कार बरामद**

दिनांक 28.03.2024 को थाना हाथीनाला व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हाथीनाला–रेनूकुट बार्डर के पास चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों 1–आकाश 2–रिजवान 3–अजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 17 लाख रूपये कीमत के 170 ग्राम अवैध हेरोइन, हेरोइन बिक्री के 55 हजार रूपये नगद, 03 मोबाइल फोन, 01 स्वीफ्ट डिजायर कार बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना हाथीनाला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आकाश निवासी चण्डी होटल थाना रॉबर्टसगंज जनपद सोनभद्र।

2–रिजवान निवासी बनकट मोड़ थाना अनपरा जनपद सोनभद्र।

3–अजीत कुमार निवासी ओदार थाना घोरावल जनपद सोनभद्र।

**बरामदगी**

1–लगभग 17 लाख रूपये कीमत के 170 ग्राम अवैध हेरोइन।

2–हेरोइन बिक्री के 55 हजार रूपये नगद।

3–03 मोबाइल फोन।

4–01 स्वीफ्ट डिजायर कार।

- **<u>जनपद भदोही (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 01 अरब 13 करोड़ 05 लाख रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

जनपद भदोही पुलिस ने अभियुक्त विजय मिश्रा द्वारा अपने परिजन/रिश्तेदार के नाम पर अवैध रूप से अर्जित की गयी चल/अचल सम्पत्ति कीमत करीब 01 अरब 13 करोड़ 05 लाख रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

- **<u>जनपद कौशाम्बी/थाना सराय अकिल (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद कौशाम्बी द्वारा थाना सराय अकिल पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त अशोक कुमार को आजीवन कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बाराबंकी/थाना देवा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बाराबंकी द्वारा थाना देवा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त रामौज को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

-----